कार्यशाला के दौरान अपनी जिज्ञासा प्रस्तुत करता पुस्तकालय समिति का छात्र

## सप्तदिवसीय सोल साफ्टवेयर 3.0 प्रशिक्षण एवं परिचालन कार्यशाला

10 अक्टूबर को महाविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा सप्तदिवसीय सोल साफ्टवेयर 3.0 प्रशिक्षण एवं परिचालन विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंस, लखनऊ के ग्रन्थालय प्रभारी श्री शमित श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम संयोजन, संचालन एवं आभार ज्ञापन महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष श्री गोविन्द जी, श्री संजय मल्ल एवं जयप्रकाश तथा अनेक तकनीकी दक्ष विद्यार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

## पुस्कालय द्वारा आयोजित कार्यशाला का दूसरा दिन

कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण देते श्री शमित श्रीवास्तव

11 अक्टूबर को महाविद्यालय में पुस्तकालय द्वारा सप्त दिवसीय सोल साफ्टवेयर 3.0 आधारित कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षक श्री शमित श्रीवास्तव जी ने कार्यशाला को सम्बोधित किया तथा कैटलागिंग के विषय में प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का संयोजन पुस्तकालय प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने की तथा तकनीकी जानकारी

## पुस्कालय द्वारा आयोजित कार्यशाला का तीसरा दिन

12 अक्टूबर को महाविद्यालय में पुस्कालय द्वारा सप्त दिवसीय सोल साफ्टवेयर 3.0 आधारित कार्यशाला के तीसरे दिन प्रशिक्षक श्री शमित श्रीवास्तव ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला का संयोजन पुस्तकालय प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर पुस्तकालय के सभी स्टाफ एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।